प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार **दिनांक 27.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

1– केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्थक पीडीएस को जारी रखने की दी मंजूरी।

2– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अलग–अलग हिस्सों में बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की दी सलाह।

3– प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनुपयोगी और खाली पड़ी सरकारी जमीनों के विकास के लिए राज्य सरकार रिडेव्हलपमेंट कार्ययोजना तैयार करेगी।

और

4– गौरेला पेंड्रा मरवाही ज़िले में कुछ बदमाशों ने सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या की।

....

केंद्रीय मंत्रिमंडल–पीडीएस

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन, परिवहन और प्रबंधन सहायता योजना, सार्थक–पीडीएस को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से पच्चीस हजार पांच सौ तीस करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह योजना राज्य एजेंसियों को अंतरराज्यीय खाद्यान्न परिवहन में सहायता प्रदान करेगी, उचित मूल्य की दुकानों का समर्थन करेगी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण में मदद करेगी।

सुप्रीम कोर्ट–एसआईआर

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग द्वारा कराई गई मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया की वैधता को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने आज इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक अनिवार्यताओं को आगे बढ़ाती है।

प्रधानमंत्री / मुख्यमंत्री–लू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अलग–अलग हिस्सों में बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने लोगों से कहा कि वे भरपूर पानी पियें और घर से बाहर निकलते समय अपने साथ पानी ज़रूर रखें। उन्होंने सुझाव दिया कि जो भी प्यासा हो, उसे एक गिलास पानी ज़रूर पिलाएं। प्रधानमंत्री ने सभी से ये भी कहा कि दोपहर की तेज़ धूप में बाहर निकलने से बचें और जितना हो सके आराम करें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जानवरों और पक्षियों के लिए घरों, बालकनियों, छतों, दुकानों या दफ़्तरों के बाहर पानी से भरा एक छोटा बर्तन ज़रूर रखें।

इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी भीषण गर्मी के मद्देनजर लोगों से अपने स्वास्थ्य के साथ–साथ अपने आसपास के लोगों का भी विशेष ध्यान रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से कहा कि अत्यधिक गर्मी के इस दौर में पर्याप्त पानी पियें और तेज धूप में जाने से बचें। उन्होंने अपने घर, दुकान, कार्यालय और सार्वजनिक स्थानों के आसपास राहगीरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने की भी अपील की है।

मंत्रिपरिषद बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल शाम मंत्रालय में हुई राज्य़ मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों और निकायों में जमा स्क्रैप सामग्री के पारदर्शी निस्तारण के लिए एमएसटीसी के साथ सेलिंग एजेंसी अनुबंध की अवधि अगले तीन वर्षों तक बढ़ाने का फैसला किया गया। वहीं, छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल को सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, बिटुमिन यानी डामर की कीमतों में बढ़ोतरी को देखते हुए सड़क निर्माण कार्य

प्रभावित न हों, इसके लिए एक अप्रैल से तीस जून तक ठेकेदारों को सीमित और आंशिक मूल्य राहत देने का निर्णय लिया गया।

रिडेव्हलपमेंट कार्ययोजना

प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनुपयोगी और खाली पड़ी सरकारी जमीनों के विकास के लिए राज्य सरकार रिडेव्हलपमेंट कार्ययोजना तैयार करेगी। इसके तहत शासकीय विभागों, निगम–मंडलों और बोर्डों की खाली जमीनों का व्यवस्थित उपयोग कर डिजिटल लैंड बैंक बनाया जाएगा।

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी सरकारी जमीनों की जीआईएस मैपिंग कर ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। वहीं, शहरों में खाली जमीनों पर आवासीय योजनाएं, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स और सरकारी कार्यालय विकसित किए जाएंगे। जबकि, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, वेयरहाउस और कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

इस बीच, मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में परियोजना निर्माण और क्रियान्वयन समिति की भी बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि महानदी और इंद्रावती भवन स्थित मल्टी लेवल पार्किंग के दूसरे और तीसरे तल पर आधुनिक कार्यालयों का निर्माण किया जाएगा। वहीं, नवा रायपुर के सेक्टर–चौबीस में संयुक्त शासकीय भवन बनाया जाएगा। आम लोगों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के तहत तैंतालीस नई ई–बसें चलाई जाएंगी।

यूपीएससी – उत्तर कुंजी

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने पहली बार सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा – दो हजार छब्बीस की अनंतिम उत्तर कुंजी जारी की है। आयोग ने एक वक्तव्य में कहा कि परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार इकतीस मई शाम छह बजे तक **''यूपीएससी ऑनलाइन डॉट एनआईसी डॉट इन''** पर उपलब्ध ऑनलाइन प्रश्न पत्र आपत्ति पोर्टल के माध्यम से अपनी आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। उम्मीदवारों को अपनी आपत्तियों के साथ संक्षिप्त स्पष्टीकरण और तीन प्रामाणिक स्रोतों से प्राप्त सहायक दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे।

अग्निवीर भर्ती–परिणाम

भारतीय थल सेना ने अग्निवीर के विभिन्न पदों की भर्ती के लिए हुई परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के एक हजार एक सौ तिरसठ युवाओं ने सफलता प्राप्त की है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर

से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस भर्ती परीक्षा के परिणाम भारतीय थल सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और इन्हें सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को आगामी दिशा–निर्देशों और प्रारंभिक प्रक्रियाओं के लिए कल अट्ठाईस मई को सुबह सात बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्यालय शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास नवा रायपुर में स्थित है।

केंद्रीय मंत्री–मुख्यमंत्री

केंद्रीय कोयला और खान राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने कल रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। बैठक में छत्तीसगढ़ में कोयला उत्पादन बढ़ाने, ऊर्जा सुरक्षा, खनन क्षेत्रों में आधारभूत संरचना और रेल–लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी के विस्तार पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने स्वच्छ ऊर्जा, कोयला गैस और सौर ऊर्जा विकास के जरिए निवेश और रोजगार के नए अवसर बढ़ाने पर जोर दिया।

मुख्य सचिव–सहकारी समिति

मुख्य सचिव विकासशील ने सहकारी समितियों को मजबूत बनाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। रायपुर में आयोजित राज्य सहकारी विकास समिति की बैठक में उन्होंने हर ग्राम पंचायत में सहकारी समिति संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्राथमिक कृषि साख समितियों यानी पैक्स को दुग्ध, मत्स्य पालन और लघु वनोपज गतिविधियों से जोड़ने पर चर्चा हुई।

अरूण पांडेय–नियुक्ति

राज्य सरकार ने भारतीय वन सेवा के अधिकारी अरूण कुमार पांडेय को प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख नियुक्त किया है। श्री पांडेय आईएफएस अधिकारी व्ही. श्रीनिवास राव का स्थान लेंगे। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

आवासीय खेल अकादमी

बस्तर में आवासीय खेल अकादमी में प्रवेष के लिए चयन परीक्षा कल और परसों यानी अट्ठाईस और उनतीस मई को जगदलपुर स्थित धरमपुरा क्रीडा परिसर में सुबह सात बजे से आयोजित की जाएगी। ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्षन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। आवासीय खेल अकादमी में एथलेटिक्स, तीरंदाजी और फुटबॉल जैसे खेलों को शामिल किया गया है। अकादमी में तेरह से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बालक प्रवेष ले सकते हैं।

सराफा व्यापारी–हत्या

गौरेला पेंड्रा मरवाही ज़िले में बीती शाम कुछ बदमाशों ने सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पेंड्रा के कोटमी सप्ताहिक बाजार की है। बदमाशों ने बीच बाजार में व्यापारी पर गोली चलाई और जेवर लूटकर मौके से फरार हो गए। घायल व्यापारी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

इस घटना के विरोध में आज गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में बंद का आह्वान किया गया, जिसे सभी प्रमुख व्यापारी संगठनों ने अपना समर्थन दिया। घटना के बाद से कोटमी मुख्य बाजार में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

संक्षिप्त समाचार–01

– भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई ने बिलासपुर से रागयढ़ के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–उनचास पर यात्रियों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए डायल – एक शून्य तीन तीन (1033) अत्याधुनिक आपातकालीन चिकित्सा एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की है।

– छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण–रेरा ने बताया है कि कुछ अनाधिकृत व्यक्ति स्वयं को रेरा का अधिकारी या कर्मचारी बताकर लोगों से धनराशि की मांग कर रहे हैं। प्राधिकरण ने आम नागरिकों को ऐसे साइबर ठगों से सतर्क रहने की सलाह दी है।

– मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति और जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के अंतर्गत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रस्तावित प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

– बलरामपुर में जिला प्रशासन ने जरहाडीह में स्थित आदर्श सेवा कृषि केन्द्र में निरीक्षण के दौरान गोदाम से ग्यारह सौ पचास बोरी अवैध यूरिया जब्त कर गोदाम को सील कर दिया है।

– प्रदेष में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए नवा रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी पर्यटकों के लिए अट्ठाईस और उनतीस मई को बंद रहेगा। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने बताया कि यह निर्णय वन्य प्राणियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

<u>संक्षिप्त समाचार–02</u>

– सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में कृषि विभाग की टीम ने खाद, बीज और कीटनाषक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले छह निजी संस्थाओं के लाइसेंस निलंबित किए गए।

– बलरामपुर जिला प्रषासन ने आवष्यक वस्तुओं के अवैध भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम राधाकृष्ण नगर स्थित एक दुकान से लगभग चार सौ लीटर डीजल, सत्तर लीटर पेट्रोल और बत्तीस बोरी पीडीएस चावल जब्त किया है।

और

– गरियाबंद जिले के उदंती–सीतानदी टाईगर रिजर्व के जल स्रोतों में ऊदबिलाव की प्रमाणिक उपस्थिति दर्ज की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>